# 13 किसान की चतुराई

किसान अपना खेत जोत रहा था। अचानक कहीं से भालू आ गया।



भालू किसान को मारने झपटा। किसान ने कहा, "मुझे क्यों मारते हो ? फसल आने दो, जो कहोगे वही खिलाऊँगा।"

भालू ने कहा, "जमीन के ऊपर की फसल मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी।"

किसान ने आलू बो दिए। फसल आई तो भालू को पत्ते खाने को मिले। भालू चिढ़कर रह गया।





अगली बार भालू ने कहा, "देखो इस बार जमीन के नीचे की फसल मेरी और ऊपर की तुम्हारी होगी।"

किसान ने गेहूँ बो दिया। जब फसल तैयार हुई तो किसान को मिले चमकीले गेहूँ। भालू को मिलीं खाली जड़ें। भालू खीझकर रह गया।

इस बार भालू ने किसान को मजा चखाना चाहा। उसने किसान से कहा, "जमीन के सबसे ऊपर और जमीन के नीचे की फसल मेरी।" किसान मान गया।



इस बार किसान ने बोया गन्ना। फसल आई तो भालू को मिले पत्ते और जड़ें। भालू का सिर चकरा गया।

## अभ्यास



1. बताओ –

   (क) किसान ने भालू से अपनी जान कैसे बचाई ?

   (ख) भालू कब चिढ़कर रह गया ?

   (ग) तीसरी बार भालू ने क्या शर्त रखी?

2. लिखो, किस ऋतु में फसल बोई जाती है –

   (क) गेहूँ की ..................... (ग) आलू की .....................

   (ख) गन्ने की ..................... (घ) धान की .....................

3. क्या खाना अच्छा लगता है –

   (क) भालू को ..................... (घ) बंदर को .....................

   (ख) तोते को ..................... (ङ) बिल्ली को .....................

   (ग) गाय को ..................... (च) तुमको .....................

4. जमीन के नीचे खाने की कौन–कौन सी चीजें पैदा होती हैं –

   ..................... ..................... ..................... .....................

5. सोचो और लिखो– अगली बार भालू कौन–सी शर्त लगाता ?

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

ऋतुओं के अनुसार होने वाली फसलों की जानकारी दें। कहानी को बच्चों से सुनें।

## कितना सीखा ?

1. बताओ –

   (क) तुम अपने दोस्तों के साथ मिलकर क्या–क्या करते हो ?

   (ख) चाँद को प्रकाश कहाँ से मिलता है ?

   (ग) छींक आने पर हमें क्या करना चाहिए ?

   (घ) जगतपुर गाँव के बच्चों ने क्या किया ?

   (ङ) जब भालू ने जमीन के ऊपर की फसल चाही तो किसान ने आलू बोया। किसान आलू के अलावा और कौन–कौन सी फसलें बो सकता था ?

2. सही कथन के सामने 'हाँ' तथा गलत पर 'नहीं' लिखो–

   सूरज रात में चमकता है ..........................................

   चाँद सूरज से बड़ा है ..........................................

   पृथ्वी चाँद का चक्कर लगाती है ..........................................

   तारे पृथ्वी के बहुत पास हैं ..........................................

3. इन शब्दों को तुक के हिसाब से लिखो –

   (थाली, ओर, शोर, जोर, कुदाली, नाली, मोर, डोर, डाली, माली)

   थाली, कुदाली ..........................................

   ओर, शोर ..........................................

4. किससे क्या बनता है आगे की कड़ी बनाओ –

जैसे – गेहूँ → आटा → रोटी, हलवा, दलिया

| | | | |
|---|---|---|---|
| गन्ना | .................. | .................. | .................. |
| सरसों | .................. | .................. | .................. |
| आलू | .................. | .................. | .................. |
| गाजर | .................. | .................. | .................. |
| चना | .................. | .................. | .................. |

5. शुद्ध उच्चारण करो और लिखो –

| | | | |
|---|---|---|---|
| ईश्वर, | शीश, | स्वास्थ्य, | सब्ज़ी, |
| .............. | .............. | .............. | .............. |
| अँधेरा, | फ्रॉक, | ट्रॉली, | सर्कस, |
| .............. | .............. | .............. | .............. |
| चट्टान, | इकट्ठा, | प्यास, | कृष्ण |
| .............. | .............. | .............. | .............. |

6. किसान की चतुराई कहानी को अपने शब्दों में सुनाओ।